## सार-समाचार

### बालोतरा यू.आई.टी. ने कार्य शुरू किया

**बालोतरा**, (निसं)। नवगठित बालोतरा नगर विकास न्यास ने अपना कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ कर दिया है। जिसे अस्थाई रूप से उपखण्ड कार्यालय बालोतरा परिसर में संचालित किया जा रहा है। जिससे बालोतरा शहर और आसपास के क्षेत्रों में सुनियोजित विकास की नई उम्मीद जगी है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की बजट घोषणा के बाद गठित इस महत्वपूर्ण संस्था का उद्देश्य क्षेत्र में शहरीकरण को व्यवस्थित करना और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। कलक्टर यादव को बालोतरा यूआईटी का पहला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके नेतृत्व में यूआईटी अब विभिन्न विकास परियोजनाओं को अंजाम देगी। जिनमें पट्टे जारी करना, भू-उपयोग परिवर्तन, स?क नेटवर्क का विस्तार, जल निकासी प्रणाली में सुधार, बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करना और जलापूर्ति में सुधार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, निवेशकों को पारदर्शी भूमि आवंटन भी यूआईटी की प्राथमिकताओं में से एक होगा, जिससे औद्योगिक विकास को गति मिल सके। बालोतरा यूआईटी के लिए कुल 22 नए पदों का सृजन किया गया है, जो इसके सुचारू संचालन को सुनिश्चित करेगा। प्रारंभिक खर्चों को पूरा करने के लिए जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बालोतरा यूआईटी को 5 करो? की राशि प्रदान की गई है। यह कदम बालोतरा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र है, खासकर अपने वस्त्र प्रिंटिंग उद्योग और पचपदरा रिफाइनरी के कारण। अब तक, अनियोजित विकास ने शहर के बुनियादी ढांचे पर दबाव डाला था। यूआईटी के गठन से अब यहां व्यवस्थित शहरीकरण को ब?ावा मिलेगा, जिससे निवासियों के जीवन स्तर में सुधार होगा और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी। जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने बताया कि वे जल्द ही मास्टर प्लान पर काम शुरू करेंगे ताकि शहर के भविष्य के विकास की दिशा तय की जा सके। यह उम्मीद की जा रही है कि बालोतरा यूआईटी के प्रयासों से यह शहर एक आधुनिक और सुव्यवस्थित शहरी केंद्र के रूप में उभरेगा।

### माली समाज का प्रतिभा सम्मान 8 को

**बालोतरा**, (नि.सं.)। 8 जून रविवार को संत लिखमाराम शिक्षण संस्थान एवं माली समाज विकास समिति बालोतरा के तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे माली समाज प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कार्यालय उद्घाटन को लेकर आयोजकों में समाज में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन की व्यापक तैयारी के तहत आयोजन समिति द्वारा अलग-अलग कार्यदल बनाए गए हैं, जो गांव-गांव एवं घर-घर जाकर लोगों को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रण पत्र प्रदान कर रहे हैं। सचिव अचलचंद गहलोत ने बताया कि यह समारोह न केवल क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित करने का एक प्रयास है, बल्कि इससे युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। समिति द्वारा गठित अलग-अलग दलों ने पिछले कई दिनों से गांवों का दौरा शुरू कर दिया है। ये दल प्रत्येक घर परिवार तक पहुंचकर उन्हें आमंत्रण पत्र दे रहे हैं तथा कार्य म की विशेषताओं के बारे में जानकारी भी दे रहे हैं। जनसंपर्क अभियान के तहत संस्था के वरिष्ठ सदस्य मूलाराम सांखला, रतनाराम सोलंकी,हाजाराम,हीरालाल सोलंकी ने थराद ,डीसा, दियोदर,सांचौर, भीनमाल, रानीवाडा अमराराम सुंठदेशा, अचलचंद गहलोत, जगदीश पंवार, ओमप्रकाश पंवार, खेताराम सोलंकी, गणपत गहलोत, डूंगर चंद गहलोत, सुरेश सांखला, विशनाराम पंवार,माणकचंद चौहान, गणपतलाल कच्छवाह, प्रदीप पंवार,द्वारा पाटोदी, पचपदरा, आसोतरा, बागावास , बनियावास, बालेसर, सिवाना, धारणा, मिठोडा, जेठंतरी, नेवाई,मालियों की ढाणी, जालौर आदि गांवों का दौरा किया गया। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। ग्रामीणों में भी इस आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है और काफी लोगों की उपस्थिति की उम्मीद की जा रही है।

### सुंदेलाव तालाब पर सांस्कृतिक संध्या हुई

**जालोर**, (कासं)। आगामी मानसून में वर्षा जल के अधिक से अधिक संग्रहण तथा विद्यमान जल स्त्रोतों के रख-रखाव एवं स्वच्छता के लिए जिले में 5 से 20 जून तक चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत गुरूवार को सायंकाल सुन्देलाव तालाब स्थल पर दीप प्रज्जवलन व सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा परमार, एसीबीईओ किस्तुराराम बामणिया व रमेश खोरवाल, स्काउट सीओ अक्षय कुमार मीणा, नगर परिषद के अशोक शर्मा, सहायक अभियंता दीपक कुमार, कनिष्ठ अभियंता अविनाश सिंह, नरेन्द्र परिहार व शैजला माथुर आदि मौजूद रहे। सांस्कृतिक संध्या में महात्मा गांधी सी.सै. स्कूल शिवाजी नगर जालोर की छात्रा प्रियांशी ने ''आयो रे तीज त्योहार......'', स्काउट-गाइड के दल ने ''एक पौधा आज हम भी लगाएं......'', विक्रम क्लासेज जालोर के कार्तिक, भूमि, दिव्यांशु व अंजु गहलोत ने ''प्लास्टिक हटाओ, धरती बचाओ....'' व पर्यावरण थीम पर समूह नृत्य नाटिका से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। महात्मा गांधी सी.सै. स्कूल शिवाजी नगर जालोर की छात्रा वैदिका ने ''बरसो रे मोघा-मेघा...'' पर नृत्य, लिटल फ्लोवर के विद्यार्थियों ने ''हरियाली की यही पुकार...''गीत पर समूह नृत्य, विक्रम क्लासेस की रूचिका व कुसुम ने पर्यावरण थीम पर कविता की प्रस्तुति दी।

### विश्वकर्मा योजना का शिविर 9 को

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत 60 वर्ष की आयु में 3 हजार रूपये मासिक पेंशन का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र 41 वर्ष से 45 वर्ष आयु वर्ग के लाभार्थियों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए 9 जून को राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग जालोर परिसर में कैम्प का आयोजन किया जायेगा। राज्य बीमा एवं प्रा.नि. विभाग जालोर की संयुक्त निदेशक सुनीता यादव ने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा 2024-25 की अनुपालना में प्रदेश के श्रमिकों, पथ विक्रेताओं एवं लोक कलाकारों द्वारा सामपना की जाने वाली कठिनाईयों और भविष्य संबंधित आशंकाओं के समाधान एवं वृद्धावस्था में उन्हें सम्बल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना लागू की गई है। यह स्वैच्छिक एवं अंशदायी पेंशन योजना के संचालित होगी। योजना के पात्र अभिदाताओं को 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3 हजार रूपये मासिक पेंशन दी जायेगी। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत 41 वर्ष से 45 वर्ष आयु वर्ग के लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन करने के लिए पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन के लिए आधार/जनाधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड व बैंक पास दस्तावेजों की आवश्यकता होगी।

### जल संरक्षण कार्यों का अवलोकन

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिला प्रशासन व सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय जैसलमेर के संयुक्त तत्वावधान में आज शुक्रवार, निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर मीडिया प्रतिनिधियों का फिल्ड भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने जिले के जल संरक्षण एवं पर्यावरण के क्षेत्र में हुए उत्कृष्ठ कार्यो के साथ ही वर्षाती जल संचय संरचानाओं, एनिकट, तालाब, टांके, कुए, खड़ीन, फार्म पौंड ,चारागाह विकास एवं उद्यानिकी के कार्यो का अवलोकन किया। उन्होंने जलठाहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग जैसलमेर द्वारा जोगणिया मंदिर के पास 19 लाख 80 हजार रुपये लागत से बने 25 हजार लीटर क्षमता के वृहत पानी के एनिकट निर्माण कार्य का अवलोकन कर जलठाहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के अधीक्षण अभियंता कौशल पालीवाल से इस एनिकट की उपयोगिता, जल क्षमता एवं जल संचय की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने एनिकट से लाभ एवं पशुधन के लिए उपलब्ध पेयजल संचय पर संवाद किया।

# कुर्बानी का पर्व ईदुल अजहा आज, सफाई व भाइचारे पर जोर दिया

**पाली**, (नि.सं.)। कुर्बानी का पर्व ईदुल अज़हा मुस्लिम समाज पाली सहित जिलेभर में शनिवार को बड़ी अकीदत और एहतराम से मनाएगा।

जिला मुस्लिम समाज के प्रवक्ता शक़ील अहमद नागौरी ने जानकारी देते हुए बताया किं मुस्लिम समाज शनिवार को मनाए जाने वाले ईदुल अजहा को लेकर मुस्लिम समाज सदर मोहम्मद हकीम भाई , उपाध्यक्ष हाजी मेहबूब टी व सचिव मोहम्मद रफीक गौरी के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारियां की जा रही है जो आज शुक्रवार शाम तक पूरी कर ली। पाली शहर की मुख्य ईदगाह में शनिवार को सुबह 8 बजे ईदुल अजहा की नमाज मौलाना दानिश कफ़ील मोमिनो को अदा कराएंगे।

ईदगाह कमेटी के सदर मोहम्मद हनीफ भिश्ती के नेतृत्व में कमेटी के सदस्य हजारों मोमिनो को ईदुल अजहा की नमाज अदा कराने की तैयारियों में जुटे रहे।



पाली शहर में मुस्लिम समाज के लोग ईदुल अज़हा मनाने की तैयारी में जुटे रहे। फोटो-राष्ट्रदूत

जिला मुस्लिम समाज के प्रवक्ता शकील अहमद नागौरी ने बताया की पाली मुस्लिम समाज के सदर हकीम, भाई , सेकेट्री हाजी मोहम्मद रफ़ीक गोरी, उपाध्यक्ष ,हाजी मेहबूब टी , मोहम्मद सलीम मिस्कीन ,सहित मुस्लिम समाज के लोगों ने मुस्लिम समाज से अपील करते हुए कहा कि ईदुल अज़हा का पर्व कुर्बानी का पर्व है आपकी कुर्बानी कर के सड़को व नालियों की साफ सफाई का विशेष रूप से खयाल रखें। अवशेषों को बाहर न फेंके जिससे शहर व जिले में साफ के साथ किसी की भावनाएं आहत न हो और भाईचारे की भावना के साथ साम्प्रदयिक सद्भावना बनी सफाई बनी रहे। नागौरी ने बताया कि पाली शहर की मुख्य ईदगाह मस्तान बाबा के साथ इंद्रा कोलानी ईदगाह व नयागांव ईदगाह में पेश इमाम ईदुल अजहा की नमाज अदा कराएंगे व विभिन्न मस्जिदों में भी ईदुल अजहा की नमाज इन मुकर्रर वक्त पर मस्जिदों के पेश इमाम अदा कराएंगे।

# बालोतरा रेलवे स्टेशन पर भामाशाहों का सम्मान

**बालोतरा**, (निसं)। जल संरक्षण जन भागीदारी अभियान के तहत अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान ने गंगा दशहरा व निर्जला एकादशी पर बालोतरा रेलवे प्लेटफार्म पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा भामाशाहों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा शरबत, नींबू की शिकंजी और ठंडा पानी के लिए लगाए अस्थाई जल केंद्रों का निरीक्षण किया तथा स्वयं ने रेलवे प्लेटफार्म पर यात्रियों को तथा बाडमेर जाने वाली रेलगाडी में गिलासों में भरकर शरबत और शिकंजी की सेवा की।

जानकारी के अनुसार बालोतरा में नवनिर्मित हो रहे रेलवे स्टेशन के निर्माण के कारण शीतल जल केंद्र को तोड दिया गया था अतः भामाशाह दीपक बंशीधर सेठिया ने शीतल जल केंद्र का वापस निर्माण करवाया, जिसमें लगभग 9 लाख रुपए एक बार पुनः खर्च किए। इसलिए रेलवे प्लेटफार्म पर ही अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मनोज भूवन के साथ भामाशाहों का माला पहनकर सम्मान किया। इसके पश्चात भारत विकास परिषद के सदस्यों का भी मालाओं से सम्मान किया गया, क्योंकि निर्जला एकादशी के इस विशेष अवसर पर जल संरक्षण जन भागीदारी अभियान के तहत पूरे बालोतरा जिले में मनोयोग से यात्रियों और आम नागरिकों को शरबत और नींबू पानी के साथ शीतल जल भी पिला रहे थे।

इसके पश्चात अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अधीक्षण अभियंता के साथ नया बस स्टैंड छतरिया का मोर्चा तथा कृषि उपज मंडी में चलाए जा रहे शीतल पेयजल अस्थाई केंद्रों का अवलोकन किया। इसी तरह से बालोतरा जिले के समस्त शहरों एवं कस्बों तथा गांवों में पानी की प्याऊ लगाकर गंगा दशहरा से शुरू हुए पखवाडे में मुख्यमंत्री महोदय भजनलाल शर्मा के आव्हान पर शीतल पेयजल का वितरण किया गया।

# लाखोटिया में कार्यक्रम हुआ

**पाली** ,(नि.सं)। वन्दे गंगा जल सरंक्षण जन अभियान के तहत गुरूवार को जिला प्रशासन व नगर निगम व अन्य विभागों के तत्वाधान में रात्रि में लाखोटिया तालाब और गार्डन में सांस्कृतिक कार्यक्रम व दीपदान इको फ्रेन्डली दीपक बना कर सरोवर में प्रवाहित किये गये।इस अवसर पर जिला कलक्टर एल एन मंत्री ने सपत्नीक गंगा दशमी एव विश्व पर्यावरण दिवस पर सरोवर की आरती कर सुख , समृद्धि एव शांति की कामनायें की। इस अवसर पर वहां पर रंगोली मनाई गयी और जल सरंक्षण व पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही इस अवसर पर बच्चों द्वारा समूह नृत्य , भाषण , और नुक्कड नाटक से पर्यावरण व प्रकृति बचाने का संदेश दिया गया।

# केशव व्यास, महेन्द्र मुणोत, ओ.पी. चौधरी ने कार्य संभाला



जालोर नगर परिषद् में अधिवक्ता केशव व्यास, महेन्द्र मुणोत व ओम प्रकाश चौधरी ने विधि सलाहकार का पदभार ग्रहण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं) । नगरपरिषद जालोर में विधि सलाहकार पद पर अधिवक्ता केशव व्यास, महेन्द्र मुणोत व ओम प्रकाश चौधरी ने शुक्रवार को कार्य ग्रहण मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की उपस्थिति में किया गया।

स्थानीय निकाय जयपुर के विधि निदेशक लेखराज जाग्रत ने नगरनिकाय में विधिक सलाहकार , पैनल अधिवक्ता एवं विधि परामर्शदाताओं के नियुक्त आदेश जारी किये गये। जिसमें अधिवक्ता केशव व्यास, महेन्द्र मुणोत व ओम प्रकाश चौधरी को जालोर नगरपरिषद में विधि सलाहकार नियुक्त किया गया।

शुक्रवार को मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की उपस्थिति में तीनो को विधि सलाहकार के रुप में पदभार ग्रहण किया गया। वही आयुक्त दिलीप माथुर ने तीनो विधि सलाहकार को पदभार ग्रहण करवाया। वही विधि सलाहकार पद पर कार्य ग्रहण करने के बाद कहा कि नगरपरिषद को समय समय पर कानूनी जानकारी देने के साथ परिषद के लम्बित मामलों का निपटारा नगरपरिषद के पक्ष में करवाया जायेगा। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि विधि सलाहकार की जिम्मेदारी अधिक बनती है कि वे नगरपरिषद को कानूनी प्रक्रिया से पूर्ण अवगत करवाकर कार्य करें । इस दौरान आयुक्त दिलीप माथुर, लेखाधिकारी अशोक कुमार सहित नगरपरिषद स्टॉफ अन्य मौजूद थे।

## सेवा व स्वच्छता गतिविधियां हुई

**जालोर**, (कासं)। जल स्त्रोतों के रख-रखाव एवं स्वच्छता के लिए जिले में 5 से 20 जून तक वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत शुक्रवार को वंदे गंगा जल सेवा व स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों एवं खालों की जल उपयोगिता संगम एवं कृषकों के सहयोग से साफ-सफाई करवाई गई। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा भामाशाह व स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से वंदे गंगा जल सेवा, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, कृषि उपज मण्डी समिति आदि सार्वजनिक स्थानों पर एनएसएस, एनसीसी व एनवाईके के स्वयंसेवकों के सहयोग से वंदे गंगा जल सेवा गतिविधि व जल परीक्षण अभियान का आयोजन किया गया। वही डिस्कॉम द्वारा ट्रांसफार्मर्स के आस-पास झाड़ी कटाई व साफ-सफाई करवाई गई। इसी प्रकार स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा जल संग्रहण संरचनाओं की गाद निकालने (डी-सिल्टिंग) एवं साफ-सफाई के लिए श्रमदान, वंदे गंगा जल सेवा, पशु खेलियों की साफ-सफाई, पशुओं के लिए साफ पीने के पानी की व्यवस्था एवं पक्षियों के लिए परिंडे बांधना आदि गतिविधियाँ आयोजित की गई। अभियान के तहत 7 जून, शनिवार को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर धार्मिक, व्यापारिक संगठन, भामाशाह, गणमान्य व्यक्तियों को सूचीबद्ध कर जल संरक्षण जन अभियान की गतिविधियों से संबंधित विषय पर विचार विमश/संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। स्थानीय गौशालाओं, पशु चिकित्सालय व दुग्ध संघ में स्वच्छता अभियान आयोजित होगा।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना**

No. - Comml/E-auction/2025/22 Date: 05.06.2025

उक्त के संदर्भ में स्टेशन पर कैटरिंग के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलोग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किये जा चुके है।

| क्र.स. | कार्य का नाम | | जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कैटरिंग के ठेकों हेतु ई-ऑक्शन | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्य की अवधि | | कैटरिंगः- 5 वर्ष | |
| 2. | लॉट के ई-ऑक्शन प्रारम्भ की तिथि व समय | | दिनांकः- 19.06.2025 समयः- 11:00 बजे से | |
| 3. | स्टेशन | PF | स्थान | श्रेणी |
| (i) | सुजानगढ़ | 1 | Center of Platform | GMU-General (W) |
| (ii) | सुजानगढ़ | 1 | Toward RTGH end | GMU-General (N) |
| (iii) | देशनोक | 1 | Toward MTD end | GMU-General (N) |
| (iv) | धनेरा | 1 | At Center of platform & near station building | GMU-General (N) |
| (v) | नागौर | 2 | On MTD side (2nd from MTD end) | SMU ST (N) |
| (vi) | नोखा | 1 | On BKN Side (1st from BKN end) | SMU-SC (N) |
| (vii) | जालौर | 1 | At Center of platform & near station building | SMU-OBC (N) |
| (viii) | बाड़मेर | 1 | On SMR side (2nd from SMR end) | SMU SC (W) |

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें 656-CR/25



**कृषि अनुसंधान केन्द्र**

दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327001

(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)

Mo. No. 8112207969 / 9414389929 Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com, Visit us : www.mpuat.ac.in

क्रमांक : एफ( )/कृअके/2025-26/123-128 दिनांक 31.05.2025

**निविदा सूचना (2025-26)**

कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य / कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमन्त्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 12.06.2025 प्रातः 11.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदायें उसी दिन प्रातः 11.30 बजे तक जमा की जाकर मध्यान्ह् 12.00 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क (रू.) |
|---|---|---|---|
| फल अनुसंधान केन्द्र, जलदाय विभाग के पीछे, बांसवाड़ा तथा कृषि अनुसंधान केन्द्र बोरवट फार्म, बांसवाड़ा पर संचालित कपास, मक्का, PVT परियोजना में कृषि कार्य। | 723575/- | 14500/- | 500/- |

संभागीय निदेशक अनुसंधान



**कृषि अनुसंधान केन्द्र**

(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)

दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327001

Mo. No. 8112207969 / 9414389929 Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com, Visit us : www.mpuat.ac.in

क्रमांक : एफ( )/कृअके/2024-25/129-134 दिनांक 03.06.2025

**निविदा सूचना (2025-26)**

कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य / कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमन्त्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 12.06.2025 प्रातः 11.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदायें उसी दिन प्रातः 11.30 बजे तक जमा की जाकर मध्यान्ह् 12.00 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क (रू.) |
|---|---|---|---|
| कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट फार्म बांसवाड़ा पर संचालित बी.टी. कपास परियोजनाओं में कृषि कार्य। | 7,00,000/- | 14,000/- | 500/- |

संभागीय निदेशक अनुसंधान


# सोनारिया तूरा में नवीन भवन का लोकार्पण आज

**सायला**, (निसं)। सायला के निकटवर्ती तूरा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय सोनारिया के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण शनिवार सवेरे आठ बजे समारोहपूर्वक किया जाएगा। सीबीईओ भंवरलाल परमार ने बताया कि भामाशाह माली धर्माजी सुन्देशा परिवार लोदराउ की ओर से राप्रावि सोनारिया के नवीन विद्यालय भवन का निर्माण करवाया गया है। जबकि माली कपूराराम पुत्र हिन्दुजी गहलोत परिवार सोनारिया तूरा ने विद्यालय के लिए भूमि दान दी है। जिसका लोकार्पण मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की मुख्य आतिथ्य तथा जालोर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी की अध्यक्षता में होगा। कार्यक्रम में जिला प्रमुख राजेश राणा, प्रधान ढोमी देवी राजपुरोहित, जिला परिषद सदस्य गुलाबीदेवी, सरपंच चंदा कंवर और भाजपा जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे।

# सांथू में वंदे गंगा जल संरक्षण कार्य का अवलोकन किया

**जालोर**, (कासं)। जिले में 5 से 20 जून तक आयोजित किए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत शुक्रवार को सांथू ग्राम व बांकली बांध में मीडिया फील्ड भ्रमण गतिविधि का आयोजन किया गया। सांथू में प्रिन्ट व इलेक्ट्रोनिक मीडियाकर्मियों के साथ राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग भी उपस्थित रहे।

सांथू ग्राम में जिला प्रशासन व भामाशाह के संयुक्त प्रयासों से किए गए पर्यावरण संरक्षण कार्यों का मीडियाकर्मियों को विजिट करवाया गया। गौरतलब है कि सांथू ग्राम के भामाशाह दलपत सिंह राजपुरोहित, शांतिलाल राजपुरोहित, रामलाल राजपुरोहित, चंदन सिंह राजपुरोहित व भरत राजपुरोहित ने जिला प्रशासन के सहयोग से सांथू-नून मार्ग स्थित चारागाह भूमि पर बनाई गई वाटिका में पारस पीपल, नीम, शीशम, गुन्दा, पलाश, चीकू, लीची, अमरूद, आम व कटहल सहित विभिन्न प्रजाति के 1100 पौधों का रोपण गत वर्ष राज्य सरकार के ''एक पेड़ माँ के नाम'' के तहत करते हुए पर्यावरण संरक्षण की मिसाल कायम की है। इन पौधों की समस्त देखरेख भामाशाहों द्वारा किया जा रहा हैं।

वहीं जिला परिषद द्वारा चारागाह भूमि पर जीएलआर व ड्रिप द्वारा सिंचाई की व्यवस्था की गई है। फील्ड भ्रमण के दौरान मीडियाकर्मी सहित जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित, पुखराज विराणा, जितेन्द्र सिंह, रमेश राजपुरोहित, भरत राजपुरोहित, सरपंच मांगीलाल सांथू, मोती सिंह सांथू उपस्थित रहे।

सांथू ग्राम में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान को मीडिया के माध्यम से जन सामान्य तक पहुँचाया जायेगा तथा भामाशाहों के सहयोग से जल व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। फील्ड विजिट के दौरान मीडियाकर्मियों ने जालोर जिले में सन् 1904 में निर्मित बांकली बांध का अवलोकन कर इसके जल ग्रहण क्षेत्र तथा इससे लाभान्वित होने वाले ग्रामों, निकलने वाली नहरों, फाटकों का संचालन, गेज व पेटाकाश्त में हो रही खरबूजों की खेती के बारे में जानकारी ली। मीडियाकर्मियों ने बांध से लाभांवित हो रहे ग्रामीणों से बातचीत की। बांकली बांध से जालोर जिले में आहोर तहसील के 8 ग्राम बांकली, तोड़मी, रेवड़ा कल्ला, घाणा, बिजली, भोरड़ा, रामा व बाला तथा पाली जिले के रोहट तहसील के सिराणा ग्राम में सिंचाई के लिए जल उपलब्ध करवाया जाता है।

सेलड़ी व पाती की भूमि पर पेटाकाश्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध है।


**कार्यालय नगर पालिका खुडाला फालना स्टे. जिला-पाली**

टेलि न./फैक्स न. -(02938) 236170/236115 ई-मेल -eombfalna@gmail.com

क्रमांक/न.पा.खु.फा.स्टे./2025-26/1070 दिनांक. 03.06.2025

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नाकिंत व्यक्तियों द्वारा 69 क धारा के अन्तर्गत प्रशासन शहरो के संग अभियान मे नगरपालिका खुडाला-फालना स्टे. कार्यालय मे आवेदन प्रस्तुत किये गये है। जो निम्नुनसार है :-

| क. स. | नाम आवेदक मय पिता/पति का नाम | क्षैत्रफल वर्गफिट | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती शरीफा बानु पत्नी अख्तर खान, मदरसा गली इंदिरा कोलोनी फालना | 675 वर्गफिट | 69 क धारा के अर्न्तगत पट्टा विलेख |
| 02 | श्री पुरणमल पुत्र ओटरमल मस्जिद गली फालना | 821.56 वर्गफिट | 69 क धारा के अर्न्तगत पट्टा विलेख |
| 03 | श्री रमेश कुमार पुत्र श्री शंकर जोशी नेहरू कोलोनी फालना | 1500 वर्गफिट | 69 क धारा के अर्न्तगत पट्टा विलेख |
| 04 | श्री बालूसिंह राजपुरोहित पुत्र आईदानसिंह राजपुरोहित | 556.87 वर्गफिट | 69 क धारा के अर्न्तगत पट्टा विलेख |
| 05 | श्रीमती कमला देवी पत्नी जगदीश प्रसाद कुम्हारो का जाव भटवाडा | 1250 वर्गफिट | 69 क धारा के अर्न्तगत पट्टा विलेख |
| 06 | श्री रमेश कुमार व जयन्तिलाल पुत्रगण केसाराम लोहार विजय नगर | 800 वर्गफिट | 69 क धारा के अर्न्तगत पट्टा विलेख |
| 07 | शशिबेन, पूर्णिमा एवं प्रीति पुत्रीगण हीरालाल नेहरू कोलोनी | 800 वर्गफिट | 69 क धारा के अर्न्तगत पट्टा विलेख |
| 08 | रमेश रूपचंद एवं प्रफुल रूपचंद पुत्रगण रूपचंद जी नेहरू कोलोनी | 800 वर्गफिट | 69 क धारा के अर्न्तगत पट्टा विलेख |

उपरोक्त प्रकरणों में अडौस पडौस की स्थिति कार्यालय मे उपस्थित होकर मूल पत्रावली में देखी जा सकती है। सभी प्रकरणों में इस कार्यालय द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जानी है। उपरोक्त प्रकरणों के निस्तारण करने में किसी भी व्यक्ति/संस्थान को कोई भी वैध आपत्ति है तो लिखित में आपत्ति मय ठोस सबूत दस्तावेज सहित अधौहस्ताक्षरकर्ता को इस आपत्ति सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय में प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा बाद गुजरने म्याद प्रकरणों का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा। राज.संवाद/सी/25/3684

अधिशाषी अधिकारी


# सायला में चन्द्रशेखर का स्वागत

**सायला**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के तेलंगाना राज्य के संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर के बाडमेर प्रवास के दौरान सायला पहुंचने पर भाजपा मण्डल सायला के कार्यकर्ताओ द्वारा स्वागत किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा ने बताया कि तेलंगाना राज्य के भाजपा संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर के सायला आगमन पर कार्यकर्ताओं ने साफा एवं दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया। संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन हित में सदैव तत्पर रहने की बात कही। इस दौरान मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जालोर प्रभारी मंत्री के.के. बिश्नोई, पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, पूर्व जिलाध्यक्ष राव श्रवनसिंह बोरली, जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, दीपसिंह धनानी, उदयसिंह परमार, आसकरणसिंह दहिया, ताराराम चौधरी, नरपतसिंह रेवतडा, सुरेश राजपुरोहित, लालाराम थलवाड, नारायणसिंह वीराना, कृष्णसिंह राजपुरोहित, विजय आचार्य, भीष्मनारायणसिंह, रामसिंह चारण, रमेश मेघवाल सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पाली कारागृह का निरीक्षण

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार ॠचा चौधरी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पाली द्वारा आज जिला कारागृह, पाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 100 बन्दी जिला कारागृह, पाली में निरूद्ध मिले।

निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पाली द्वारा बन्दीगण से वार्तालाप कर कारागृह में भोजन, चिकित्सीय सुविधा, पेयजल, सफाई व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त कोई भी बन्दी निजी अधिवक्ता करने में असमर्थ हो अथवा विधिक सहायता के अभाव में बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरूद्ध ना रहे, इस को लेकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पाली द्वारा कारागृह में बन्दीगण को निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी देते हुए ऐसे बन्दी जिनकी जमानत होने के उपरांत भी कारागृह में निरूद्ध हो इस संबंध में भी जानकारी ली गई तथा बंदियों को उनके प्रकरणों की स्थिति के बारे में बताया।

साथ ही इस बात की भी जानकारी ली गई कि 18 वर्ष से कम उम्र का कोई भी व्यक्ति जिला कारागृह में निरूद्ध न रहे। सभी बन्दी की ओपीडी के समय में स्वास्थ्य जांच की जाती है तथा इमरजेन्सी होने पर बन्दीगण को राजकीय बांगड़ अस्पताल पाली रेफर किया जाता है।

इस अवसर पर निरीक्षण में जोराराम कारापाल जिला कारागृह पाली, डॉ. जसाराम चिकित्सक जेल डिस्पेंसरी पाली, जेल विजिटिंग लॉयर वैशाली व्यास, अल्ताफ हुसैन आदि उपस्थित रहे।

## मंदिरों में उमडी भीड़

**पाली**, ()। निर्जला एकादशी का पर्व शुक्रवार को शहर जिले भर में उत्साह पूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर लोगों ने निर्जल रहकर व्रत रखा। लोगों ने फल फ्रूट जूस पीकर व्रत रखा। सोमनाथ मंदिर गोपीनाथ जी मंदिर, वेंकटेश मंदिर, रघुनाथ जी मंदिर, गीता सत्संग भवन आदि मंदिरों में पहुंचे, और भगवान को आम,शक्कर , पानी के गड़े आदि चढ़कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पर शहर के कई चौराहे पर शहर वासियों ने नींबू शिकंजी छाछ मिल्क रोज पिलाई गई। गायों को भी हरा चारा खिला कर दान पुण्य किया।